आकाशवाणी श्री विजयपुरम

21.08.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के प्रमुखों से की भेंटवार्ता। युवाओं को अंतरिक्ष तकनीक से जोड़ने पर बल दिया।
2. गृह मंत्री अमित शाह ने सिलीगुड़ी में एस एस बी की कई परियोजनाओं का किया उद्‌घाटन और शिलान्यास। जवानों के कल्याण को बताया सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
3. हवाई उड़ानों में भारी कटौती और बढ़ते किराए पर सांसद विष्णु पद रे ने चिंता व्यक्त करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री से तत्काल हितधारक बैठक बुलाने का आग्रह किया।
4. डिगलीपुर में जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज–2026 पर वर्चुअल कार्यशाला आयोजित, छात्रों को वीडियो, रील और पॉडकास्ट के जरिए स्थानीय कहानियां साझा करने के लिए किया प्रेरित।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में 20 अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के प्रमुखों और संस्थापकों से बातचीत की। उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अधिक उपयोग पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र दुनिया की प्रतिभाओं, कंपनियों और निवेश को आकर्षित करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कृषि, पशुपालन, डेयरी और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष तकनीक के उपयोग को बढ़ाने का आह्वान किया। श्री मोदी ने युवाओं में अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ सहयोग बढ़ाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने में लगातार सहयोग करती रहेगी।

<><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सशस्त्र सीमा बल–एस एस बी मुख्यालय में कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा से जुड़े कार्यों में राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भूटान से लगने वाली खुली सीमाओं की सुरक्षा एस एस बी की महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। इस अवसर पर करीब एक सौ नवासी करोड़ रुपये की लागत से एस एस बी के कई शिविरों के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा में तैनात जवानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने सिलीगुड़ी कॉरिडोर के महत्व को देखते हुए क्षेत्र में निगरानी बढ़ाए जाने की भी जानकारी दी।

<><><><><><>

भारत और ब्राजील ने दूरसंचार और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आई सी टी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता पुणे में आयोजित 12वीं ब्रिक्स संचार मंत्रियों की बैठक के दौरान हुआ। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और ब्राजील के संचार मंत्री फ्रेडेरिको डी सिक्वेरा फिल्हो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य डिजिटल नवाचार और डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना तथा उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाना है। इसके तहत सार्वभौमिक कनेक्टिविटी, साइबर सुरक्षा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, क्षमता निर्माण और बेहतर कार्य प्रणालियों के आदान–प्रदान पर भी सहयोग किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में हवाई संपर्क में भारी कमी और बढ़ते हवाई किराए को लेकर सांसद विष्णु पद रे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू से तत्काल उच्च स्तरीय हितधारक बैठक बुलाने का आग्रह किया है। सांसद ने कहा कि हवाई संपर्क में लगभग 42 से 50 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि उड़ानों में कमी और बढ़ते किराए से पर्यटन क्षेत्र पर सीधा असर पड़ रहा है। सांसद ने एयर–कार्गो क्षमता घटने से

मछली निर्यातकों और मछुआरों को होने वाली परेशानी का भी मुद्दा उठाया। मुख्यभूमि पर इलाज के लिए जाने वाले द्वीपवासियों की कठिनाइयों पर चिंता जताई।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार कमान ने पुलिस विभाग के सहयोग से उत्तरी अंडमान के दूरदराज और घने जंगलों वाले इलाकों में चलाया गया तलाशी अभियान 'ऑपरेशन फालकन' सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। संदिग्ध घुसपैठियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद यह अभियान नौ अगस्त को शुरू किया गया था। अभियान में अंडमान–निकोबार कमान और पुलिस विभाग के जवानों तथा संसाधनों को संयुक्त रूप से तैनात किया गया। संयुक्त अभियान के दौरान बारह घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के पास से अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। उनके खिलाफ निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

<><><><><><><>

जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज–2026 को लेकर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को डिजिटल माध्यम से द्वीपों की संस्कृति, परंपराओं, प्राकृतिक सुंदरता और अनकही कहानियों को सामने लाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कल डिगलीपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीतापुर में वर्चुअल जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। पर्यटन विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से छात्रों को चैलेंज के उद्देश्यों और इसमें मिलने वाले अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से अपने समुदाय और द्वीपों की कहानियों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का आह्वान किया। इस चैलेंज के तहत प्रतिभागी एक से तीन मिनट के वीडियो, रील, पॉडकास्ट या डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से अपने जिले की खासियतों और उपलब्धियों को प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित ऐप डाउनलोड कर मोबाइल नंबर से पंजीकरण करना होगा। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त हैं। अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने द्वीपों के युवाओं और छात्रों से इस अवसर का लाभ उठाने और अपनी विरासत को डिजिटल कहानियों के रूप में सामने लाने की अपील की है।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग और भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण, क्षेत्रीय आधार, श्री विजयपुरम के सहयोग से गुप्तापाड़ा में समुद्री डीजल इंजनों की मरम्मत और रखरखाव पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम फरारगंज ब्लॉक के फिश लैंडिंग सेंटर में कल सम्पन्न् हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य मछली पकड़ने वाली नौकाओं में इस्तेमाल होने वाले समुद्री डीजल इंजनों के बेहतर संचालन और समय पर रखरखाव के प्रति मछुआरों को जागरूक करना था। कार्यक्रम प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और टूल किट वितरित किए गए।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में काउंसलर के पद के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार 28 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे स्वास्थ्य सेवा निदेशक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में होगा। उम्मीदवार को मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 27 अगस्त को सुबह दस बजे से शाम साढ़े चार बजे तक परियोजना निदेशक कार्यालय में उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए 03192–231176 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

बुक्शाबाद फीडर में मरम्मत कार्य के चलते कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इनमें प्रातरापुर, ऑस्टिनाबाद, मारियामा मंदिर, पत्थरगड्डा के कुछ हिस्से, पी.टी.एस. ब्रिचगंज, बुक्शाबाद, बर्मानाला, रंगाचांग–4, अन्नानगर, कोड़ियाघाट, चिड़ियाटापू और बिडनाबाद के कुछ क्षेत्र शामिल हैं।

<><><><><><><>

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर विंबर्लीगंज मिनी स्टेडियम में राजीव गांधी मेमोरियल फुटबॉल लीग–कम–नॉकआउट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का आयोजन विंबर्लीगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष ए.खैस के नेतृत्व में किया है। समारोह में अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष साजी वर्गीस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और युवाओं से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ खेलों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह से पहले उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

<><><><><><><>